# किसानों की जागरूकता से रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में 3634 टन की कमी

## कृषि विभाग और वैज्ञानिकों के प्रयास से किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** सरकार व कृषि विभाग लगातार प्रयासरत है कि किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करें। वे जैविक खेती की तरफ अग्रसर हों। इससे किसान भी जागरूक हुए हैं। परिणामस्वरूप वर्ष 2024-25 की अपेक्षा बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में वाराणसी जनपद में किसानों ने 3634 टन कम उर्वरकों का प्रयोग किया। उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता कम होती है। उपज की गुणवत्ता खराब होती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसे खरीदार नहीं मिलते हैं। किसानों को खेती पर अधिक व्यय करना पड़ता है। साथ ही हमारे देश में उर्वरक खपत का बड़ा हिस्सा आयात किया जाता है। इन कारणों से सरकार और कृषि विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि किसान उर्वरकों पर अपनी निर्भरता कम करें। यह परिणाम अब देखने को मिल रहा है।

उर्वरकों की खपत में लगातार कमी आ रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में यूरिया की खपत में 2096 टन की कमी आई है। इसी प्रकार डीएपी और एनपीके खपत में क्रमशः 1379 और 159 टन की कमी आई है। तीनों उर्वरकों को मिलाकर 3634 टन की कमी आई है। उर्वरकों की कमी से सरकार को भी भारी लाभ हुआ है। यूरिया, डीएपी व एनपीके पर क्रमशः 815, 410 और 30 लाख रुपये की सब्सिडी की बचत हुई। यह कुल बचत 1255 लाख रुपये की है। पिछले कुछ वर्षों से चल रहा प्रयास अब जमीन पर दिखने लगा है।



| उर्वरक | 2024-25 में खपत | 2025-26 में खपत | कमी |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 53027 | 50931 | 2096 |
| डीएपी | 17554 | 16175 | 1379 |
| एनपीके | 6318 | 6159 | 159 |
| योग | 76899 | 73265 | 3634 |

(नोट-सभी आकड़ें टन में।)

**1255** लाख रुपये की सब्सिडी की बचत प्रतिवर्ष उर्वरकों की खपत में कमी की वजह से हुआ

**खपत कम होने के कारण :** जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने बताया कि उर्वरकों की खपत कम करने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग, फसल प्रबंधन, मृदा परिक्षण, गुणवत्तायुक्त बीज प्रयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीकों का प्रयोग, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत तथा अन्य जैविक उपाय और नैनो उर्वरक के प्रयोग करने को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन दिया जा रहा है।




कंठीपुर गांव में मिट्टी की जांच के लिए खेत से लिया जा रहा नमूना। फोटो- कृषि विभाग

## कंठीपुर में कृषि अफसरों ने लिया मिट्टी का नमूना

**जागरण संवाददाता, काशी विद्यापीठ ब्लाक :** विशेष महाभियान के तहत कंठीपुर (आराजीलाइन) गांव में गुरुवार को टास्क फोर्स अधिकारी, संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) लखनऊ, संतोष कुमार राय के नेतृत्व में मृदा नमूना एकत्र किया गया। भूमि परीक्षण प्रयोगशाला वाराणसी के वरिष्ठ प्राविधिक उदयराज सिंह ने बताया कि उच्च उत्पादकता वाले कंठीपुर गांव के किसान आजाद पटेल के खेत के खसरा नं. 271 से नमूना लिया गया। नेशनल प्रोजेक्ट आन स्वायल हेल्थ एंड फर्टिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को मृदा जांच का महत्व और नमूना लेने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई।

कृषि विभाग ने 100 कृषकों को निशुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि शैलेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह, सहायक निदेशक मृदा परीक्षण स्नेह प्रभा समेत कृषि कर्मी व किसान मौजूद थे।

## काशी विद्यापीठ ब्लाक में पंप जला, जलापूर्ति ठप

**जागरण संवाददाता, काशी विद्यापीठ ब्लाक :** क्षेत्र के मिसिरपुर स्थित कंदवा ग्राम्य समूह पेयजल (पानी की टंकी) का पंप गत् बुधवार की रात जलने से गुरुवार को कई गांवों में जलापूर्ति बाधित रही। उक्त पानी की टंकी द्वारा मिसिरपुर, दफ्फलपुर, हांसापुर, फरीदपुर, जफराबाद, मडांव समेत कई गांवों में जलापूर्ति होती है। भीषण गर्मी में पंप जलने से ग्रामीण पेयजल के लिए इधर-उधर परेशान दिखाई दिए। कभी पंप जलने से तो कभी स्टाटर खराब होने के चलते अक्सर ही उक्त पेयजल योजना की जलापूर्ति प्रभावित होती रहती है। उधर, पेयजल योजना के जलकल लिपिक रवि सिंह ने बताया कि एक पंप जलने से जलापूर्ति में दिक्कत आयी है पंप ठीक कराया जा रहा है।

**कोरीं गांव में ट्रांसफार्मर जला : मिर्जामुराद :** कोरीं गांव (रामसिंहपुर) में लगा 25 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर बुधवार की रात जल कर खराब हो गया। ट्रांसफार्मर जलने से गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से गर्मी में ग्रामीण परेशान हो उठे। सबमर्सिबल पंप न चलने से पेयजल की भी समस्या हुई। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी गई।

## हाईवे किनारे अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**जासं, चोलापुर :** वाराणसी-आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे तेवर ग्राम के पास गुरुवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष सधुवन राम ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थानों और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शिनाख्त के आधार पर कार्रवाई होगी।

# पहचान छिपाने को रेलवे ट्रैक पर फेंका था शव

- हड़ियाडीह निवासी सुशील की संदिग्ध हालात में मौत का मामला
- मामले को गंभीरता से नहीं ले रही पुलिस, हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं

**जागरण संवाददाता, चौबेपुर :** हड़ियाडीह निवासी सुशील उपाध्याय की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी खुशबू उपाध्याय हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के लिए चौबेपुर और सारनाथ थाने के चक्कर लगा रही हैं। उनका आरोप है कि इतने के बाद भी पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है।

खुशबू उपाध्याय के अनुसार उनके पति सुशील उपाध्याय घर से वाराणसी गए थे, जिसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। इस पर चौबेपुर और सारनाथ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसी दौरान 18 मई को सारनाथ-वाराणसी सिटी रेलखंड के बीच रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला। स्वजन का आरोप है कि पुलिस ने शव मिलने की सूचना उन्हें नहीं दी और अज्ञात मानते हुए उसका अंतिम संस्कार भी करा दिया।

बाद में जब उन्हें मामले की जानकारी हुई तो मृतक के पिता और पत्नी ने शव की तस्वीरों तथा कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान सुशील उपाध्याय के रूप में की। स्वजन का कहना है कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या का मामला है और शव की पहचान छिपाने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंका गया था।

मृतक की पत्नी का आरोप है कि हत्या की आशंका जताने और तहरीर देने के बावजूद पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। इससे परिवार में आक्रोश है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि युवक शराब का अत्यधिक सेवन करता था। उसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। अभी हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## डंगराडीह में फायरिंग में मौके से दो खोखे बरामद

**जागरण संवाददाता, पिंडरा :** सिंधोरा थाना क्षेत्र के डंगराडीह गांव के बाहर स्थित तालाब के पास फायरिंग की सूचना से गुरुवार शाम क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दो खाली कारतूस बरामद किए और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार शाम करीब साढ़े पांच बजे 112 नंबर पर एक अज्ञात युवक ने फायरिंग की सूचना दी थी। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि तीन बाइकों से आए पांच-छह लोग आपस में कहासुनी कर रहे थे, जिसके बाद वहां से चले गए। हालांकि ग्रामीणों ने फायरिंग होने से इन्कार किया है। पुलिस खाली खोखे की जांच में जुटी है।

# वीडीए की कार्रवाई के बाद फिर शुरू हुई अवैध प्लाटिंग

**जागरण संवाददाता चोलापुर :** वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बावजूद दोबारा अवैध प्लाटिंग करने का मामला सामने आया है। वीडीए के अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवर अभियंता राजू कुमार ने चोलापुर थाने में दी तहरीर में बताया कि क्षेत्र के मौजा सांई महावीर उदयपुर स्थित, वार्ड सारनाथ क्षेत्र में लगभग 2528 वर्ग मीटर भूमि पर बिना अनुमति के प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर वीडए व पुलिस ने 18 मई 2026 को मौके पर पहुंचकर प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया गया था। आरोप है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद भी संबंधित पक्ष की ओर से निर्माण कार्य नहीं रोका गया। अवैध प्लाटिंग का कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया, जो विकास प्राधिकरण के आदेशों एवं नियमानुसार कार्रवाई की खुली अवहेलना है। मामले को गंभीर मानते हुए अवर अभियंता ने संबंधित व्यक्ति केस दर्ज की जाएगी।

## श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं भागवत कथा 22 से

**जागरण संवाददाता, चौबेपुर :** क्षेत्र के छीतमपुर स्थित नैपाली माता भगवती धाम में श्रीशतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 22 जून से किया जाएगा। इस अवसर पर संत-भक्त दर्शन मेला एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 22 जून को कलश शोभायात्रा संग श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जिसका वाचन प्रतिदिन सायं चार बजे से रात तक किया जाएगा। कथावाचक योगी शमशानन्द जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स BHARAT ELECTRONICS
गुणवत्ता. प्रौद्योगिकी. नवोन्मेष.
राष्ट्र की रक्षा के लिए
बेहतरीन तकनीक समाधान
भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
(रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उद्यम)
(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर कंपनी को इसके चेन्नई यूनिट के लिए निम्नवत कार्मिकों की आवश्यकता हैं:

| क्र. सं. | पदनाम | अर्हता | अध्ययन का विषय | पदों की संख्या | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशिक्षु अभियंता (अस्थायी आधार पर) | बी.ई/बी.टेक/ बी.एस.सी इंजीनियरिंग (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) | मैकेनिकल | 09 | शून्य |
| | | | कुल | 09 | |
| 2. | वरिष्ठ सहायक अभियंता (E-I) नियत अवधि के आधार पर | इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/समकक्ष+ भारतीय सशस्त्र बलों में शैक्षिक योग्यता उपरांत 15 वर्षों की सेवा जो थलसेना/ नौसेना/वायुसेना से जेसीओ या समकक्ष रैंक की हो। | ईसीई/ईईई/ मैकेनिकल | 17 | भारतीय सशस्त्र बलों में शैक्षिक योग्यता उपरांत 15 वर्षों की सेवा जो थलसेना/नौसेना/ वायुसेना से जेसीओ या समकक्ष रैंक की हो। |
| | | | कुल | 17 | |

आवेदन की अंतिम तिथि और विज्ञापन की पूरी जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाईट www.bel-india.in में "कैरियर" भाग को देखें।
अपर महाप्रबंधक (मा.सं.व.प्र)

Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free
Mutual Fund Investor Awareness Program
To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. The schedule of upcoming IAPs is as mentioned below

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 20 June, 2026 | 6:00 PM | Varanasi |

Venue: Hotel The Manor, Manduadih, Varanasi -221103
Name: Himanshu Srivastav | Mobile: 7700040187
Nippon Life India Asset Management Limited | CIN: L65970MH1995PLC220793
Mutual Fund Investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
पोस्ट- हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र)-442 001
ज्ञान शांति मैत्री
नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त टोल फ्री क्र. 18002332141
प्रवेश सूचना 2026-27
अकादमिक सत्र 2026-27 में सी.यू.ई.टी. एवं गैर सी.यू.ई.टी. के माध्यम से स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन (पंजीयन) आमंत्रित हैं। विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://hindivishwa.org/ एवं CUET-PG:https://exams.nta.nic.in/cuet-pg का अवलोकन करें।
टोल फ्री नं. 18002332141
कुलसचिव

पुरुषों में प्रोस्टेट संबंधी यूरिनरी समस्याओं का उन्नत उपचार
Heritage HOSPITALS
|| chiranjeevi bhava ||



बिना बाहरी कट के मिनिमली इनवेसिव सर्जरी
कम अवधि में डिस्चार्ज व सामान्य दिनचर्या में शीघ्र वापसी
अनुभवी यूरोलॉजी विशेषज्ञों की टीम एवं विशेष जांच सुविधाएं
प्रोस्टेट उपचार व बेहतर रिकवरी में भरोसेमंद विशेषज्ञता
Dr. Shwetank Mishra (MS, Mch (Urology))
Dr. Ramesh K. Verma (MS (Gen Sur.), MCh (Urology))
Dr. Anant Dixit (MS (Gen Sur.), DNB (Gen Sur.), MCh (Urology))
24x7 EMERGENCY SERVICES
0542-7181911/ 945
For booking
Lanka, Varanasi
www.heritagehospitals.com

मेडिकल हेल्पलाईन
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. उषा गुप्ता MBBS 0542-2360146 9984991991
गैस्ट्रो, ब्रेस्ट एवं एडवांस्ड लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. शलभ गुप्ता MS, FRCS (London) 9918881333 9984991991
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. समीर गुप्ता MD (Pediatrics) 9161553168 9984991991
स्त्री, प्रसूति रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ
डॉ. दीपाली गुप्ता M.D.(Obs, Gynae) 9792000083 9792000081
स्त्री, प्रसूति रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ
डॉ. कावेरी गुप्ता M.R.C.O.G. (London) 9838721188 9984991991
उपरोक्त सभी डॉक्टर्स के अप्वाइंटमेंट के लिए QR CODE को स्कैन करें
आशीर्वाद मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बिरदोपुर, महमूरगंज वाराणसी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा : प्रथम तल, श्री बेरीवाला स्मृति भवन,पी.डी.आर मॉल के पास, लक्सा रोड, वाराणसी-221010 (उ0प्र0), ई-मेल:sarvar@bankofbaroda.com, वेबसाइट: www.bankofbaroda.bank.in, मो0- 9554959534
विक्रय सूचना
अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए
अनुर्गत-IV-A (नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम,2002 सपठित प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी / जमानतकर्ता एवं कानूनी वारिसों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को , जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जे में ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा " जो है, जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी /बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता /कानूनी वारिस/ प्रतिभूति आस्ति/ देय/आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

नीलामी की तिथि : 28.07.2026 समय दोपहर 02:00 से सायँ 06:00 बजे तक

धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी/ट्रांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 27.07.2026 तक या उससे पहले किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | ऋणीकर्ता /पार्टनर/प्रोपराईटर/ जमानतकर्ता का नाम एवं पता/कानूनी उत्तराधिकारी | अचल सम्पत्तियों का विवरण | कुल बकाया राशि | आरक्षित धनराशि / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोत्तरी धनराशि | कब्जा की स्थिति (सांकेतिक /भौतिक) | सम्पत्ति निरिक्षण तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणकर्ताः** मेसर्स महिमा इंटाप्राईजेज (साझेदारी फर्म) **पताः** रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी (उ0प्र0)- 221011 **साझेदार :** 1. श्रीमती उर्मिला दुबे 2. श्री विजय कांत उर्फ श्री विजय कांत दुबे **पताः** दोनों निवासी गायत्री नगर कालोनी, मलहिया, रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी- 221011 **जमानतदार/ओं:** 1. श्रीमती उर्मिला दुबे पत्नी श्री राजेश कुमार दुबे. 2. श्री विजय कांत उर्फ श्री विजय कांत दुबे पुत्र श्री राजेश कुमार दुबे **पताः** दोनों निवासी गायत्री नगर कालोनी, मलहिया, रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी- 221011 | सभी भाग अचल सम्पत्ति चक संख्या- 616, अराजी संख्या 19/73, क्षेत्रफल 0.038 हेक्टेयर व चक संख्या- 526, अराजी संख्या 19/74, क्षेत्रफल 0.025 हेक्टेयर व अराजी संख्या 19/73, क्षेत्रफल 0.063 हेक्टेयर, कुल 3 गाटा व कुल क्षेत्रफल 0.126 हेक्टेयर स्थित मौजा- रमना, परगना- देहात अमानत, तहसील व जिला- वाराणसी जो कि श्रीमती उर्मिला दुबे पत्नी श्री राजेश कुमार के नाम में है। **चौहद्दी - पूर्व-** चक संख्या 526 का शेष भाग व ज्योति सिंह की जमीन, **पश्चिम-** प्रेमानन्द व बांके प्रसाद की जमीन, **उत्तर -** चक संख्या 526 का शेष भाग, **दक्षिण-** लालमन की जमीन | रू 1,25,08,405.09 + ब्याज दिनांक 31.03.2025 से एवं अन्य खर्च (मांग एवं कब्जा सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर | रू 3,47,16.000.00 / 34,71,600.00 / 50,000.00 | सांकेतिक कब्जा | दिनांकः 27.07.2026 समयः दोपहर 02:00 बजे से सायँ 05:00 बजे तक |
| 2. | **ऋणकर्ता/ओं:** 1. मेसर्स राजलक्ष्मी साड़ी **द्वारा प्रोपराईटर** श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति उर्फ लक्ष्मी देवी वर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा 2. श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति उर्फ लक्ष्मी देवी वर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा **पताः** बी 32/48-1-38, साकेत नगर कालोनी, सुंदरपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश- 221005 | साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन स्थित अराजी संख्या 24/1 (अब अराजी संख्या 24/1 मि.) क्षेत्रफल बिस्वा यानि 4080 वर्ग फीट स्थित मौजा- गोपालपुर, परगना- राल्हूपुर, तहसील- मुगलसराय (पहले तहसील चंदौली) व जिला- चंदौली (पहले जिला- वाराणसी) जो कि श्रीमती लक्ष्मी देवी वर्मा उर्फ श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा के नाम में है। **चौहद्दी - पूर्व-** अराजी का शेष भाग, **पश्चिम-** रास्ता 8 फीट, **उत्तर -** अराजी का शेष भाग, **दक्षिण-** अराजी का शेष भाग | रू 20,77,006.73 + ब्याज दिनांक 03.10.2025 से एवं अन्य खर्च (मांग एवं कब्जा सूचना जारी होने के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर | रू 45,99,000.00 / 4,59,900.00 / 10,000.00 | सांकेतिक कब्जा | दिनांकः 27.07.2026 समयः दोपहर 02:00 बजे से सायँ 05:00 बजे तक |

SCAN HERE
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें- www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & /https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल नं0 9554959534 , ईमेल: sarvar@bankofbaroda.com से सम्पर्क करें।
दिनांकित : 15.06.2026 स्थानः वाराणसी ह0 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

रेल संपर्क का विस्तार, विकास का नया आधार



"भारतीय रेल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि देश की प्रगति और विकास का प्रतीक है"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




दोहरीघाट-औंड़िहार ट्रेन सेवा के वाराणसी तक विस्तार
- वाराणसी सिटी से बेहतर रेल संपर्क
- काशी आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा और भी आसान
- व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच

छपरा - दिल्ली एक्सप्रेस
- दिल्ली और छपरा के बीच बेहतर रेल कनेक्टिविटी
- तेज़, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा का विकल्प
- शिक्षा, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा

मऊ - दिल्ली एक्सप्रेस
- दिल्ली और पूर्वांचल के बीच बेहतर एवं तेज़ रेल संपर्क
- यात्रियों हेतु आरामदायक यात्रा की सुविधा
- रोजगार, शिक्षा, व्यापार एवं चिकित्सा को बढ़ावा

का
सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री, बिहार | अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल मंत्री
के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

गरिमामयी उपस्थिति
छपरा जं.: राजीव प्रताप रुडी, सांसद, सारण | जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सांसद, महाराजगंज | प्रो. वीरेंद्र नारायण यादव, सदस्य, विधान परिषद | आफाक अहमद, सदस्य, विधान परिषद | सच्चिदानंद राय, सदस्य, विधान परिषद | छोटी कुमारी, विधायक, छपरा
मऊ जं.: अरविन्द कुमार शर्मा, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार | दारा सिंह चौहान, कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार | राजीव राय, सांसद, घोसी | विक्रान्त सिंह, सदस्य, विधान परिषद | अब्बास अंसारी, विधायक, मऊ

शुक्रवार 19 जून, 2026 | 12:30 बजे | छपरा जं. एवं मऊ जं.
www.indianrailways.gov.in भारतीय रेल हमें फॉलो करें /RailMinIndia